Test Booklet No.
परीक्षा पुस्तिका संख्या

2585601

# JBC – 12A

This booklet contains 64 pages.
इस पुस्तिका में 64 पृष्ठ हैं ।

## PAPER II / प्रश्न-पत्र II

MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका

Test Booklet Code
परीक्षा पुस्तिका संकेत

**W**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

### *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of $1\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **W**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V; consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :

   | | | |
   |---|---|---|
   | Part I | : Child Development and Pedagogy | *(Q. 1 to Q. 30)* |
   | Part II | : Mathematics and Science | *(Q. 31 to Q. 90)* |
   | Part III | : Social Studies / Social Science | *(Q. 31 to Q. 90)* |
   | Part IV | : Language I – (English/Hindi) | *(Q. 91 to Q. 120)* |
   | Part V | : Language II – (English/Hindi) | *(Q. 121 to Q. 150)* |

6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies/Social Science).
7. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this test booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Part V (Language II) in a language other than the one chosen as Language I (in Part IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

### *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $1\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **W**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :

   | | | |
   |---|---|---|
   | भाग I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | *(प्र. 1 से प्र. 30)* |
   | भाग II | : गणित व विज्ञान | *(प्र. 31 से प्र. 90)* |
   | भाग III | : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान | *(प्र. 31 से प्र. 90)* |
   | भाग IV | : भाषा I — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्र. 91 से प्र. 120)* |
   | भाग V | : भाषा II — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्र. 121 से प्र. 150)* |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग II (गणित व विज्ञान) **या** भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।
7. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिएँ ।**
8. **परीक्षार्थी भाग V (भाषा II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

Name of the Candidate (in Capitals) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में ) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ______________________

: in words (शब्दों में) ______________________

Centre of Examination (in Capitals) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में ) :

Candidate's Signature : ______________ Invigilator's Signature : ______________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ______________________

## PART I / भाग I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

1. Child-centred education was advocated by which of the following thinkers ?
   (1) B.F. Skinner
   (2) John Dewey
   (3) Eric Erickson
   (4) Charles Darwin

2. While teaching a single parent child, a teacher should
   (1) treat such a child differently
   (2) assign lesser home assignments to such a child
   (3) provide stable and consistent environment
   (4) overlook this fact and treat such a child at par with other children

3. Acceleration with reference to gifted children means
   (1) accelerating the transaction of scholastic activities
   (2) speeding up the transaction of co-scholastic activities
   (3) promoting such students to next higher grade by skipping the present grade
   (4) accelerating the process of assessment

4. Which of the following is the most appropriate activity for gifted students ?
   (1) Solve exercises given at the end of five chapters at one go
   (2) Teach their class on Teachers Day
   (3) Write a report on a school match recently held
   (4) Write an original play on given concepts

***निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

1. बाल-केंद्रित शिक्षा का समर्थन निम्नलिखित में से किस विचारक द्वारा किया गया ?
   (1) बी.एफ. स्किनर
   (2) जॉन ड्यूवी
   (3) एरिक इरिकसन
   (4) चार्ल्स डार्विन

2. एकल अभिभावक वाले बच्चे को पढ़ाते समय शिक्षक को
   (1) इस प्रकार के बच्चे के साथ भिन्न प्रकार से व्यवहार करना चाहिए
   (2) ऐसे बच्चे को कम गृहकार्य देना चाहिए
   (3) स्थिर और एकरूप वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए
   (4) इस तथ्य को अनदेखा करना चाहिए और ऐसे बच्चे के साथ अन्य बच्चों के समान व्यवहार करना चाहिए

3. प्रतिभाशाली बच्चों के संदर्भ में संवर्द्धन (Acceleration) का अर्थ है
   (1) शैक्षणिक गतिविधियों के संपादन में संवर्द्धन करना
   (2) सह-शैक्षणिक गतिविधियों के संपादन की गति को बढ़ाना
   (3) ऐसे विद्यार्थियों को वर्तमान स्तर/ग्रेड को छोड़कर अगले उच्च स्तर/ग्रेड में प्रोन्नत करना
   (4) आकलन की प्रक्रिया का संवर्द्धन करना

4. प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि सर्वाधिक उपयुक्त है ?
   (1) पाँच पाठों के अंत में दिए गए अभ्यासों को एक बार में हल करना
   (2) शिक्षक दिवस पर कक्षा को पढ़ाना
   (3) अभी हाल ही में हुए स्कूल मैच का प्रतिवेदन लिखना
   (4) दी गई संकल्पनाओं के आधार पर मौलिक नाटक लिखना

**10.** Scaffolding in the context of learning theories refers to

(1) simulation teaching

(2) recapitulation of previous learning

(3) temporary support in learning by adults

(4) ascertaining the causes of mistakes done by students

**11.** The sentence '*Madam drives a bicycle*' is

(1) correct syntactically but semantically incorrect

(2) correct semantically but syntactically incorrect

(3) semantically as well as syntactically correct

(4) semantically as well as syntactically incorrect

**12.** Classification of students in different groups on the basis of their IQ tends to ________ their self-esteem and ________ their academic performance.

(1) increase; decrease

(2) increase; increase

(3) decrease; decrease

(4) decrease; has no effect on

**13.** Raven's progressive matrices test is an example of __________ test.

(1) verbal IQ

(2) culture-free IQ

(3) non-group IQ

(4) personality

**14.** The news of 'a woman selling her child to obtain food' may be understood best on the basis of

(1) Psychoanalytical theory

(2) Theory of hierarchical needs

(3) Psychosocial theory

(4) Theory of reinforced contingencies

**10.** सीखने के सिद्धांतों के संदर्भ में 'स्कैफोल्डिंग' ________ की ओर संकेत करता है ।

(1) अनुरूपित शिक्षण

(2) पूर्व अधिगम की पुनरावृत्ति

(3) सीखने में वयस्कों द्वारा अस्थायी सहयोग

(4) विद्यार्थियों द्वारा की गई ग़लतियों के कारणों का पता लगाना

**11.** '*मैडम चाय खाती हैं*' वाक्य

(1) वाक्य-विन्यास की दृष्टि से सही है लेकिन अर्थ-विज्ञान की दृष्टि से ग़लत है

(2) अर्थ-विज्ञान की दृष्टि से सही है लेकिन वाक्य-विन्यास की दृष्टि से ग़लत है

(3) अर्थ-विज्ञान एवं वाक्य-विन्यास दोनों की दृष्टि से सही है

(4) अर्थ-विज्ञान एवं वाक्य-विन्यास दोनों की दृष्टि से ग़लत है

**12.** बुद्धि-लब्धांक के आधार पर विभिन्न समूहों में विद्यार्थियों का वर्गीकरण उनकी स्व-गरिमा को __________ है और उनके शैक्षणिक निष्पादन को __________ है ।

(1) बढ़ाता; घटाता

(2) बढ़ाता; बढ़ाता

(3) घटाता; घटाता

(4) घटाता; प्रभावित नहीं करता

**13.** रेवन का प्रोग्रेसिव मैट्रिसिज़ परीक्षण __________ परीक्षण का उदाहरण है ।

(1) मौखिक बुद्धि-लब्धांक

(2) संस्कृति-मुक्त बुद्धि-लब्धांक

(3) अ-समूह बुद्धि-लब्धांक

(4) व्यक्तित्व

**14.** 'एक महिला ने भोजन प्राप्त करने के लिए अपने बच्चे को बेच दिया ।' इस ख़बर को __________ के आधार पर अच्छी तरह समझा जा सकता है ।

(1) मनोविश्लेषणात्मक सिद्धांत

(2) पदानुक्रमिक आवश्यकताओं का सिद्धांत

(3) मनोसामाजिक सिद्धांत

(4) पुनर्बलित आकस्मिकताओं का सिद्धांत

15. The word 'Comprehensive' in the scheme of Continuous and Comprehensive Evaluation is supported by the following *except*

(1) Theory of multiple intelligence

(2) Theory of information processing

(3) J.P. Guilford's theory of structure of intellect

(4) L.L. Thurstone's theory of primary mental abilities

16. Assessment __________ learning influences learning by reinforcing the __________ between assessment and instruction.

(1) for; connections

(2) for; difference

(3) of; difference

(4) of; variance

17. In Science practicals, boys generally take control of apparatus and ask girls to record data or wash utensils. This tendency reflects that

(1) girls being delicate prefer such less energy consuming tasks

(2) girls are excellent observers and record data flawlessly

(3) stereotyping of masculine and feminine roles takes place in schools also

(4) boys can handle equipments more efficiently as they are naturally endowed for doing such things

18. How teachers and students __________ gender in the classroom, it __________ the learning environment.

(1) interpret; does not affect

(2) construct; impacts

(3) adapt; perturbs

(4) define; vitiates

15. सतत और व्यापक मूल्यांकन की योजना में 'व्यापक' शब्द __________ के अलावा निम्नलिखित के द्वारा समर्थित किया जाता है ।

(1) बहुबुद्धि सिद्धांत

(2) सूचना प्रक्रमण सिद्धांत

(3) जे.पी. गिलफोर्ड का बुद्धि-संरचना का सिद्धांत

(4) एल.एल. थर्स्टन का प्राथमिक मानसिक योग्यताओं का सिद्धांत

16. सीखने __________ आकलन, आकलन और अनुदेशन के बीच __________ के दृढ़ीकरण द्वारा सीखने को प्रभावित करता है ।

(1) के लिए; सम्बन्धों

(2) के लिए; अंतर

(3) का; अंतर

(4) का; भिन्नता

17. विज्ञान के प्रयोगों में, सामान्यतः लड़के उपकरणों का नियंत्रण अपने हाथों में लेते हैं और लड़कियों से आँकड़ों को रिकॉर्ड करने अथवा बर्तनों को धोने के लिए कहते हैं । यह प्रवृत्ति यह दर्शाती है कि

(1) लड़कियाँ नाज़ुक होने के कारण ऐसे काम करना पसंद करती हैं जिनमें ऊर्जा की खपत कम होती है

(2) लड़कियाँ बेहतरीन अवलोकनकर्ता होती हैं और बिना किसी ग़लती के आँकड़ों का रिकॉर्ड रखती हैं

(3) पुरुष और स्त्री की रूढ़िबद्ध भूमिकाएँ विद्यालय में भी होती हैं

(4) लड़के उपकरणों को ज़्यादा कुशलता से सँभाल सकते हैं, क्योंकि वे इस प्रकार के कार्यों को करने में प्राकृतिक रूप से सक्षम होते हैं

18. कक्षा-कक्ष में शिक्षक और विद्यार्थी किस प्रकार ज़ेंडर को __________ करते हैं, यह सीखंने के वातावरण __________ ।

(1) व्याख्यायित; पर कोई प्रभाव नहीं डालता

(2) निर्मित; पर प्रभाव डालता है

(3) रूपांतरित; को क्षुब्ध करता है

(4) परिभाषित; को कम प्रभावी बनाता है

**19.** The word 'Compulsory' in the 'Right to Free and Compulsory Education 2009' means,

(1) parents are compulsorily forced to send their children to school to avoid punitive action

(2) compulsory education will be imparted through continuous testing

(3) Central Government will ensure admission, attendance and completion of elementary education

(4) appropriate governments will ensure admission, attendance and completion of elementary education

**20.** Which of the following principles is ***not*** involved in lesson planning ?

(1) Clarity of objectives

(2) Knowledge of teaching

(3) Rigidity of planning

(4) Knowledge of pupils

**21.** What does 'Self-regulation of learners' mean ?

(1) Self-discipline and control

(2) Ability to monitor their own learning

(3) Rules and regulations made by the student body

(4) Creating regulations for student behaviour

**22.** The 'Lab Schools' advocated by John Dewey were examples of

(1) Factory Schools

(2) Progressive Schools

(3) Public Schools

(4) Common Schools

**23.** Group project activity as prescribed by CBSE is a powerful means

(1) of facilitating social participation

(2) of alleviating the burden of teachers

(3) of relieving the stress caused due to routine teaching

(4) to promote the concept of unity in diversity

**19.** 'निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार 2009' में 'अनिवार्य' शब्द का अर्थ है

(1) दण्डात्मक कार्य से बचने के लिए अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए अभिभावकों पर अनिवार्य रूप से ज़ोर डाला गया है

(2) अनिवार्य शिक्षा सतत परीक्षण के माध्यम से प्रदान की जाएगी

(3) केन्द्र सरकार दाखिले, उपस्थिति और प्रारंभिक शिक्षा की पूर्णता को सुनिश्चित करेगी

(4) उचित सरकारें दाखिले, उपस्थिति और प्रारंभिक शिक्षा की पूर्णता को सुनिश्चित करेंगी

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त पाठ-योजना में शामिल ***नहीं*** है ?

(1) उद्देश्यों की स्पष्टता

(2) शिक्षण का ज्ञान

(3) योजना की दृढ़ता

(4) शिक्षार्थियों का ज्ञान

**21.** 'अधिगमकर्ता का स्व-नियमन' का क्या अर्थ है ?

(1) स्व-अनुशासन और नियंत्रण

(2) अपने सीखने का स्वयं अनुवीक्षण करने की योग्यता

(3) विद्यार्थी निकाय द्वारा बनाए गए नियम एवं विनियम

(4) विद्यार्थियों के व्यवहार के लिए विनियमों का निर्माण करना

**22.** जॉन ड्यूवी द्वारा समर्थित 'लैब विद्यालय' के उदाहरण हैं

(1) फैक्टरी विद्यालय

(2) प्रगतिशील विद्यालय

(3) पब्लिक विद्यालय

(4) सामान्य विद्यालय

**23.** सी.बी.एस.ई. द्वारा प्रस्तावित समूह-परियोजना गतिविधि __________ का एक सशक्त साधन है ।

(1) सामाजिक भागीदारिता को सुगम बनाने

(2) शिक्षकों के भार को हलका करने

(3) रोज़मर्रा के शिक्षण से होने वाले तनाव को दूर करने

(4) अनेकता में एकता की संकल्पना का प्रचार-प्रसार करने

24. For an intrinsically motivated student,

(1) rewards are not at all required

(2) external rewards are not enough to keep him/her motivated

(3) the level of motivation is lower than an extrinsically motivated student

(4) there is no need of formal education

25. Achievement motivation is

(1) the tendency to persist at challenging tasks

(2) the tendency to avoid failure

(3) willingness to accept success and failure equally

(4) tendency to act impulsively

26. Ideal 'Waiting Time' for getting response from students should be proportional to

(1) time allotted to specific topic in the curriculum

(2) difficulty level of the question

(3) time taken by the students for answering questions from previous lessons

(4) relevance of the question in the real life

27. Suppose you are the Chairperson of a Board of School Education, how would you plan to improve the overall quality of education in the schools under your jurisdiction ? This type of question is an example of

(1) higher order convergent

(2) higher order divergent

(3) lower order convergent

(4) lower order divergent

24. आंतरिक रूप से अभिप्रेरित विद्यार्थी

(1) के लिए पुरस्कार की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है

(2) के लिए बाह्य पुरस्कार उसकी अभिप्रेरणा को बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

(3) का बाह्य रूप से अभिप्रेरित विद्यार्थी की तुलना में अभिप्रेरणा-स्तर कम होता है

(4) के लिए औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता नहीं है

25. उपलब्धि अभिप्रेरणा है

(1) चुनौतीपूर्ण कार्य करने में डटे रहने की प्रवृत्ति

(2) असफलता से बचने की प्रवृत्ति

(3) सफलता व असफलता को समान रूप से स्वीकारने की तत्परता

(4) बिना विचारे, जल्दबाजी में कार्य करने की प्रवृत्ति

26. विद्यार्थियों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने का आदर्श 'प्रतीक्षा समय' __________ के सही अनुपात में होना चाहिए ।

(1) पाठ्यचर्या में प्रकरण विशेष के लिए आबंटित समय

(2) प्रश्न का कठिनाई स्तर

(3) पिछले पाठों से प्रश्नों का उत्तर देने के लिए विद्यार्थियों द्वारा लिया गया समय

(4) वास्तविक जीवन में प्रश्न की प्रासंगिकता

27. मान लीजिए आप विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हैं, आप अपने अधिकार-क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों की शिक्षा की संपूर्ण गुणवत्ता को सुधारने के लिए क्या योजना बनाएँगे ? इस प्रकार का प्रश्न __________ का एक उदाहरण है ।

(1) उच्च स्तरीय अभिसारी

(2) उच्च स्तरीय अपसारी

(3) निम्न स्तरीय अभिसारी

(4) निम्न स्तरीय अपसारी

**28.** A student says, *"My mother ringed Principal mam last night."* As a teacher your response should be

(1) Oh really, your mother rang up Principal ma'am last night. Did she seek an appointment with her ?

(2) Dear child, you are not using the correct form of verb.

(3) It should not be ringed, it should rather be rang.

(4) Why don't you listen carefully ? As I told you earlier, it should be rang, not ringed.

**29.** Children in primary schools follow which of the following stages as proposed by Lawrence Kohlberg ?

a. Obedience and Punishment Orientation

b. Individualism and Exchange

c. Good Interpersonal Relationships

d. Social Contract and Individual Rights

(1) a and d

(2) a and c

(3) b and a

(4) b and d

**30.** The following are features of anecdotal record *except*

(1) it is an accurate description of events

(2) it describes personal development or social interactions of a child

(3) it is a factual report with enough detail

(4) it is subjective evidence of behaviour and therefore does not provide feedback for scholastic area

**28.** एक विद्यार्थी कहता है, *"उसका दादा आया है"* । एक शिक्षक होने के नाते आपकी प्रतिक्रिया होनी चाहिए

(1) अच्छा, उसके दादाजी आए हैं ।

(2) बच्चे, आप सही वाक्य नहीं बोल रहे ।

(3) 'दादा आया है' की जगह पर 'दादाजी आए हैं' कहना चाहिए ।

(4) आप अपनी भाषा पर ध्यान दीजिए ।

**29.** लॉरेंस कोहलबर्ग के द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित चरणों में से प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे किन चरणों का अनुसरण करते हैं ?

a. आज्ञापालन और दण्ड-उन्मुखीकरण

b. वैयक्तिकता और विनिमय

c. अच्छे अंतःवैयक्तिक सम्बन्ध

d. सामाजिक अनुबंध और व्यक्तिगत अधिकार

(1) a और d

(2) a और c

(3) b और a

(4) b और d

**30.** ________ के अलावा निम्नलिखित घटना/वृत्तांत रिकॉर्ड की विशेषताएँ हैं ।

(1) यह घटनाओं का सही वर्णन है

(2) यह बच्चे के व्यक्तिगत विकास अथवा सामाजिक अंतःक्रियाओं को वर्णित करता है

(3) यह पर्याप्त विस्तार से पूर्ण तथ्यात्मक प्रतिवेदन है

(4) यह व्यवहार का व्यक्तिनिष्ठ साक्ष्य है और इसलिए यह शैक्षणिक क्षेत्र के लिए प्रतिपुष्टि (फीडबैक) उपलब्ध नहीं कराता

| | |
|---|---|
| ***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/ Social Science).*** | ***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।*** |

## PART II / भाग II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**31.** Which of the following fractions $\frac{3}{8}, \frac{4}{5}, \frac{31}{40}, \frac{9}{20}, \frac{7}{10}$ is greater than $\frac{1}{2}$ and less than $\frac{3}{4}$ ?

(1) $\frac{31}{40}$

(2) $\frac{9}{20}$

(3) $\frac{4}{5}$

(4) $\frac{7}{10}$

**32.** Which of the numbers $-20, -\frac{3}{4}, \frac{1}{2}, 10$ is greater than its square ?

(1) $\frac{1}{2}$

(2) $-\frac{3}{4}$

(3) 10

(4) – 20

**33.** $3 \times 10^5 + 4 \times 10^3 + 7 \times 10^2 + 5$ is equal to

(1) 3004705

(2) $3475 \times 10^{10}$

(3) 304705

(4) 347500

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*

**31.** निम्न भिन्नों $\frac{3}{8}, \frac{4}{5}, \frac{31}{40}, \frac{9}{20}, \frac{7}{10}$ में से कौन-सी भिन्न $\frac{1}{2}$ से बड़ी तथा $\frac{3}{4}$ से छोटी है ?

(1) $\frac{31}{40}$

(2) $\frac{9}{20}$

(3) $\frac{4}{5}$

(4) $\frac{7}{10}$

**32.** संख्याओं $-20, -\frac{3}{4}, \frac{1}{2}, 10$ में से कौन-सी संख्या अपने वर्ग से बड़ी है ?

(1) $\frac{1}{2}$

(2) $-\frac{3}{4}$

(3) 10

(4) – 20

**33.** $3 \times 10^5 + 4 \times 10^3 + 7 \times 10^2 + 5$ बराबर है

(1) 3004705

(2) $3475 \times 10^{10}$

(3) 304705

(4) 347500

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**34.** Sum of two numbers is 32. If one of them is – 36, then the other number is

(1) – 4

(2) 4

(3) – 68

(4) 68

**35.** In 2010, the population of a city is 30·3 million. This number is same as

(1) 30300000

(2) 303000000

(3) 3030000

(4) 30030000

**36.** If $a^3 = 1 + 7$, $3^3 = 1 + 7 + b$, $4^3 = 1 + 7 + c$, then the value of $a + b + c$ is

(1) 58

(2) 75

(3) 77

(4) 110

**37.** $2^{10} - 1$ is divisible by

(1) 2

(2) 3

(3) 4

(4) 10

**34.** दो संख्याओं का योगफल 32 है । उनमें से यदि एक संख्या – 36 हो, तो दूसरी संख्या है

(1) – 4

(2) 4

(3) – 68

(4) 68

**35.** 2010 में, किसी नगर की जनसंख्या 30·3 मिलियन है । यह संख्या निम्न के बराबर है

(1) 30300000

(2) 303000000

(3) 3030000

(4) 30030000

**36.** यदि $a^3 = 1 + 7$, $3^3 = 1 + 7 + b$, $4^3 = 1 + 7 + c$ हो, तो $a + b + c$ का मान है

(1) 58

(2) 75

(3) 77

(4) 110

**37.** $2^{10} - 1$ निम्न से विभाज्य है

(1) 2

(2) 3

(3) 4

(4) 10

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

38. Sum of HCF and LCM of 4, 20 and 28 is
(1) 74
(2) 136
(3) 140
(4) 144

39. Expressed as a percent $0{\cdot}33 \div 0{\cdot}11$ is
(1) $\frac{1}{300}$
(2) $\frac{1}{3}$
(3) 30
(4) 300

40. Sum of mean and median of the numbers 5·02, 5·18, 5·12, 5·007 and 5·018 is
(1) 10·089
(2) 10·73
(3) 10·71
(4) 10·89

41. Two squares have sides x cm and (2x + 1) cm, respectively. The sum of their perimeters is 100 cm. Area (in $cm^2$) of the bigger square is
(1) 64
(2) 81
(3) 225
(4) 289

42. The number of lines of symmetry of the figure is



(1) 1
(2) 3
(3) 4
(4) 6

38. संख्याओं 4, 20 और 28 के म.स. (HCF) तथा ल.स. (LCM) का योगफल है
(1) 74
(2) 136
(3) 140
(4) 144

39. $0{\cdot}33 \div 0{\cdot}11$ को प्रतिशत के रूप में व्यक्त करने पर प्राप्त होता है
(1) $\frac{1}{300}$
(2) $\frac{1}{3}$
(3) 30
(4) 300

40. संख्याओं 5·02, 5·18, 5·12, 5·007 और 5·018 के माध्य और माध्यिका का योगफल है
(1) 10·089
(2) 10·73
(3) 10·71
(4) 10·89

41. दो वर्गों की भुजाएँ क्रमशः x सेमी तथा (2x + 1) सेमी हैं । उनके परिमापों का योगफल 100 सेमी है । उनमें से बड़े वर्ग का क्षेत्रफल (सेमी$^2$ में) है
(1) 64
(2) 81
(3) 225
(4) 289

42. आकृति में सममिति रेखाओं की संख्या है



(1) 1
(2) 3
(3) 4
(4) 6

43. If the circumference of a circle is 3 cm, then its area, in $cm^2$, is

(1) $\frac{9}{4\pi}$

(2) $\frac{4}{9\pi}$

(3) $\frac{9\pi}{4}$

(4) $\frac{3\pi}{2}$

44. The area of a rectangle is A $cm^2$ and length is $l$ cm. Its perimeter (in cm) is

(1) $2l + 2A$

(2) $2l + \frac{A}{2l}$

(3) $2l + \frac{A}{l}$

(4) $2l + \frac{2A}{l}$

45. A car goes one kilometer at 30 km per hour and then goes another kilometer at 40 km per hour. The average speed (in km/hour) of the car for 2 km is

(1) 35

(2) $34\frac{2}{7}$

(3) $33\frac{3}{7}$

(4) $33\frac{5}{7}$

43. यदि किसी वृत्त की परिधि 3 सेमी है, तो इसका क्षेत्रफल, सेमी$^2$ में, है

(1) $\frac{9}{4\pi}$

(2) $\frac{4}{9\pi}$

(3) $\frac{9\pi}{4}$

(4) $\frac{3\pi}{2}$

44. किसी आयत का क्षेत्रफल A सेमी$^2$ है और इसकी लंबाई $l$ सेमी है । इसका परिमाप (सेमी में) है

(1) $2l + 2A$

(2) $2l + \frac{A}{2l}$

(3) $2l + \frac{A}{l}$

(4) $2l + \frac{2A}{l}$

45. एक कार एक किलोमीटर की दूरी 30 किमी प्रति घंटा की चाल से और उसके बाद अगले किलोमीटर की दूरी 40 किमी प्रति घंटा की चाल से चलती है । 2 किमी के लिए कार की औसत चाल (किमी/घंटा में) है

(1) 35

(2) $34\frac{2}{7}$

(3) $33\frac{3}{7}$

(4) $33\frac{5}{7}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**46.** A cube has a volume 125 $cm^3$. Area of its one face is
(1) 5 $cm^2$
(2) 20 $cm^2$
(3) 25 $cm^2$
(4) 30 $cm^2$

**47.** In the figure, ABC is a triangle. Measure of $\angle$ ABD, in degrees, is




(1) 57
(2) 61
(3) 72
(4) 80

**48.** $\Delta$ PQR and $\Delta$ TQR are on the same base QR and on the same side of QR. If PQ = TR and PR = TQ, then which of the following is correct ?
(1) $\Delta PQR \cong \Delta TQR$
(2) $\Delta PQR \cong \Delta TRQ$
(3) $\Delta PQR \cong \Delta RQT$
(4) $\Delta PQR \cong \Delta QTR$

**49.** A factor common to $x^2 + 7x + 10$ and $x^2 - 3x - 10$ is
(1) $x - 5$
(2) $x + 5$
(3) $x + 2$
(4) $x - 2$

**46.** किसी घन का आयतन 125 सेमी$^3$ है । इसके एक फलक का क्षेत्रफल है
(1) 5 सेमी$^2$
(2) 20 सेमी$^2$
(3) 25 सेमी$^2$
(4) 30 सेमी$^2$

**47.** आकृति में, ABC एक त्रिभुज है । $\angle$ ABD की माप, डिग्री में, है




(1) 57
(2) 61
(3) 72
(4) 80

**48.** $\Delta$ PQR और $\Delta$ TQR एक ही आधार QR पर तथा QR के एक ही ओर बने हुए हैं । यदि PQ = TR तथा PR = TQ हो, तो निम्न मे से कौन-सा सही है ?
(1) $\Delta PQR \cong \Delta TQR$
(2) $\Delta PQR \cong \Delta TRQ$
(3) $\Delta PQR \cong \Delta RQT$
(4) $\Delta PQR \cong \Delta QTR$

**49.** $x^2 + 7x + 10$ और $x^2 - 3x - 10$ का एक उभयनिष्ठ गुणनखंड है
(1) $x - 5$
(2) $x + 5$
(3) $x + 2$
(4) $x - 2$

**50.** The sum of two positive numbers is 63. If one number x is double the other, then the equation is

(1) $\frac{x}{x-63} = 2$

(2) $\frac{63-x}{x} = 2$

(3) $\frac{x-63}{x} = 2$

(4) $\frac{x}{63-x} = 2$

**50.** दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 63 है । यदि उनमें से एक संख्या x, दूसरी संख्या की दुगुनी हो, तब समीकरण है

(1) $\frac{x}{x-63} = 2$

(2) $\frac{63-x}{x} = 2$

(3) $\frac{x-63}{x} = 2$

(4) $\frac{x}{63-x} = 2$

**51.** In Class VII, a teacher taught the 'properties of all types of quadrilaterals'. In the class test that followed after the unit, the teacher asked the problems on construction of quadrilateral. No one in the class was able to perform in the test. The reason may be

(1) all students of the class are dull

(2) there is a gap between instructions given in class and the assessment conducted

(3) the teacher is not able to create the interest of the students in this unit

(4) the students were not serious about the class-test and had not prepared well

**51.** कक्षा VII का एक शिक्षक 'सभी प्रकार के चतुर्भुजों की विशेषताएँ' पढ़ाता है । इस इकाई के बाद कक्षा-परीक्षा में शिक्षक चतुर्भुज का निर्माण करने से संबंधित समस्याएँ पूछते हैं । कक्षा में से कोई भी परीक्षा में निष्पादन नहीं कर पाता । इसका संभावित कारण हो सकता है

(1) कक्षा के सभी विद्यार्थी होशियार नहीं हैं

(2) कक्षा में दिए गए अनुदेशों और किए गए आकलन में अंतर है

(3) शिक्षक इस इकाई में विद्यार्थियों की रुचि नहीं बना पाया

(4) विद्यार्थी कक्षा-परीक्षा के प्रति गंभीर नहीं थे और उन्होंने अच्छी तरह से तैयारी नहीं की थी

**52.** "How does a square form a parallelogram ? Explain."

The students are asked to write the answer to above question. The objective of the teacher is

(1) giving an opportunity to students to think and reflect

(2) making the classroom more interactive

(3) exposing the students to open-ended questions

(4) improving the writing skills of the students

**52.** "एक वर्ग किस प्रकार एक समानांतर चतुर्भुज है ? स्पष्ट कीजिए ।"

विद्यार्थियों को उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए कहा गया । शिक्षक का उद्देश्य है

(1) विद्यार्थियों को चिंतन और मनन का अवसर देना

(2) कक्षा को अधिक अंतःक्रियात्मक (सहभागी) बनाना

(3) विद्यार्थियों को मुक्त-अंत वाले प्रश्नों से परिचित कराना

(4) विद्यार्थियों के लेखन कौशल को सुधारना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

53. It is observed that to a problem like 'Show that the sum of any two odd numbers is an even number', most of the students replied by quoting one example, say, 5 + 7 =12.
Students answered this question inappropriately as

(1) students firmly believe that if a statement is true for one set of numbers, it is always true and hence have developed strong strategy for making generalisations

(2) students have not learnt the logical proof for the statement in the class

(3) students have not understood that in Mathematics 'any' is used to indicate generalisations and hence are not able to answer correctly

(4) students have attained the formal operational stage as proposed by Piaget

54. Portfolio of Mathematics students can have

(1) record of his photographs, drawing and art work

(2) record of classwork and homework notebooks

(3) record of assignments, worksheets, maths lab activity record, write-up of any mathematics model, mathematical posters and cards, any new type of problem attempted or generalisations made, etc.

(4) record of all class tests, unit tests conducted during the formative and summative assessment

53. यह देखा गया है कि इस प्रकार की समस्या 'यह दर्शाइए कि कोई दो विषम संख्याओं का योगफल सम संख्या होता है' के उत्तर के रूप में अधिकतर विद्यार्थी एक उदाहरण उद्धृत करते हैं, जैसे कि,

5 + 7 = 12.
विद्यार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर ग़लत दिया, क्योंकि

(1) विद्यार्थियों का यह दृढ़ विश्वास है कि यदि एक कथन संख्याओं के एक सेट के लिए सत्य है, तो वह हमेशा सत्य होगा और उन्होंने सामान्यीकरण करने की दृढ़ रणनीति विकसित कर ली है

(2) विद्यार्थियों ने कक्षा में कथन के लिए तार्किक प्रमाण नहीं सीखा है

(3) विद्यार्थियों को यह समझ में नहीं आया कि गणित में 'कोई' का प्रयोग सामान्यीकरण की ओर संकेत करने के लिए किया जाता है और इसलिए वे सही उत्तर नहीं दे सके

(4) विद्यार्थियों ने पियाजे द्वारा प्रस्तावित औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था प्राप्त कर ली है

54. गणित के विद्यार्थियों के पोर्टफोलियो में __________ हो सकते हैं ।

(1) उनके छायाचित्रों, ड्राइंग और कला कार्य के रिकॉर्ड

(2) कक्षा-कार्य और गृह-कार्य की नोटबुक के रिकॉर्ड

(3) अधिन्यास कार्य के रिकॉर्ड, कार्यपत्रक, गणित प्रयोगशाला की गतिविधियों के रिकॉर्ड, किसी भी गणितीय मॉडल पर 'राइट-अप', गणितीय पोस्टर और कार्ड्स, किसी भी नई प्रकार की समस्या जिसका हल खोजा गया अथवा सामान्यीकरण किया गया, आदि

(4) सभी कक्षा परीक्षाओं, इकाई परीक्षाओं के रिकॉर्ड जो रूपात्मक और योगात्मक आकलन के दौरान आयोजित किए गए

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

55. A lesson plan on unit of Mensuration includes one of the instructional objectives as follows :

"Learners will be able to understand the application of Mathematics."

This instructional objective is

(1) appropriate, as all units of Mathematics aim at this only

(2) appropriate, as unit on 'Mensuration' has lots of application in day-to-day life

(3) appropriate, as one must be able to apply the knowledge gained

(4) inappropriate, as the objective is vague and ill-defined

55. क्षेत्रमिति की इकाई पर आधारित पाठ-योजना में शामिल एक अनुदेशनात्मक उद्देश्य इस प्रकार था : "शिक्षार्थी गणित के अनुप्रयोग को समझ सकेंगे ।"

यह अनुदेशनात्मक उद्देश्य

(1) उचित है, क्योंकि गणित की सभी इकाइयों का उद्देश्य यही है

(2) उचित है, क्योंकि 'क्षेत्रमिति' पर आधारित इकाई के दैनिक जीवन में अनेक अनुप्रयोग हैं

(3) उचित है, क्योंकि किसी को भी प्राप्त ज्ञान का अनुप्रयोग करने के योग्य होना चाहिए

(4) अनुचित है, क्योंकि उद्देश्य अस्पष्ट है और खराब तरीके से परिभाषित है

56. Present NCERT text-books on Mathematics are written keeping in mind the recommendations of

(1) National Curriculum Framework 2005

(2) National Policy on Education 1986

(3) Syllabus prescribed by CBSE in 2006

(4) Syllabus prescribed by State Board in 2006

56. गणित की वर्तमान एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्य-पुस्तकें __________ की अनुशंसाओं को ध्यान में रखकर लिखी गई हैं ।

(1) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005

(2) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986

(3) 2006 में सी.बी.एस.ई. द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम

(4) 2006 में राज्य बोर्ड द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**57.** Read the following question :

Solve $\frac{x+1}{2x+3} = \frac{3}{8}$

Which cognitive skill of Bloom's Taxonomy is emphasized in this question ?

(1) Knowledge
(2) Comprehension
(3) Application
(4) Analysis

**58.** A teacher asked his/her students to complete the following concept map :




With this activity in class, the teacher is using concept map

(1) to catch the attention of each student
(2) to provide different kinds of learning material
(3) to conduct formative assessment and to get insight on how much students have learnt
(4) to enhance spatial ability of the learner so that she/he can see the complete unit as a whole

**57.** निम्नलिखित प्रश्न को पढ़िए :

हल कीजिए $\frac{x+1}{2x+3} = \frac{3}{8}$

इस प्रश्न में ब्लूम टैक्सोनॉमी के किस संज्ञानात्मक कौशल पर बल दिया गया है ?

(1) ज्ञान
(2) बोध
(3) अनुप्रयोग
(4) विश्लेषण

**58.** एक शिक्षक नीचे दिए गए संकल्पना मानचित्र को पूरा करने के लिए अपने विद्यार्थियों से कहता है :




कक्षा में इस गतिविधि के माध्यम से शिक्षक संकल्पना मानचित्र का प्रयोग कर रहा है

(1) प्रत्येक विद्यार्थी के ध्यान को खींचने के लिए
(2) विभिन्न प्रकार की अधिगम सामग्री उपलब्ध कराने के लिए
(3) रूपात्मक आकलन करने और यह अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए कि विद्यार्थियों ने कितना सीखा
(4) शिक्षार्थियों की स्थानिक योग्यता को संवर्द्धित करने के लिए ताकि वे इकाई को संपूर्णता में देख सकें

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**59.** "The organisers of an essay completion decide that a winner gets a prize of ₹ 100 and a participant who does not win gets a prize of ₹ 25. The total prize money distributed is ₹ 3,000. Find the number of winners, if the total number of participants is 63."

Apart from checking the mathematical concept, what values can a teacher inculcate through this question amongst students, during the discussions ?

(1) Winning is more important than participation

(2) Participation is more important

(3) Competency of writing a good essay is important

(4) Writing of thoughts on social issues can be developed as a regular habit and the opportunities to make your thoughts public can be availed through participation in essay competition

**60.** Identify the open-ended problem.

(1) Find the cube of 10.

(2) Write any 5 numbers whose cube is more than 64.

(3) Parikshit makes a cuboid of dimension 5 cm, 2 cm, 5 cm. How many such cuboids are required to form a cube ?

(4) Find the cube-root of 512 using prime factorisation method.

**59.** "निबंध प्रतियोगिता के आयोजकों ने यह निर्धारित किया कि विजेता को ₹ 100 का पुरस्कार मिलेगा और जो प्रतिभागी जीत नहीं पाएँ उन्हें ₹ 25 का पुरस्कार मिलेगा । कुल पुरस्कार राशि जो वितरित की गई वह ₹ 3,000 है । यदि प्रतिभागियों की कुल संख्या 63 है, तो विजेताओं की संख्या ज्ञात कीजिए ।"

गणितीय संकल्पना की जाँच के अलावा, शिक्षक विद्यार्थियों के साथ चर्चा करते हुए इस प्रश्न के माध्यम से किन मूल्यों को विकसित कर सकता है ?

(1) जीतना भागीदारिता से अधिक महत्त्वपूर्ण है

(2) भागीदारिता अधिक महत्त्वपूर्ण है

(3) अच्छा निबंध लिखने की योग्यता महत्त्वपूर्ण है

(4) सामाजिक मुद्दों पर विचारों को लिखने का विकास नियमित आदत के रूप में किया जा सकता है और निबंध प्रतियोगिता में भागीदारिता के माध्यम से आप अपने विचारों को सार्वजनिक करने के अवसर को भी प्राप्त कर सकते हैं

**60.** मुक्त-अंत वाले प्रश्न की पहचान कीजिए ।

(1) 10 के घन को ज्ञात कीजिए ।

(2) कोई पाँच संख्याएँ लिखिए जिनका घन 64 से अधिक हो ।

(3) परीक्षित विमाओं 5 सेमी, 2 सेमी, 5 सेमी का एक घनाभ बनाता है । एक घन को बनाने के लिए ऐसे कितने घनाभों की आवश्यकता होगी ?

(4) अभाज्य गुणनखंडन पद्धति का प्रयोग करते हुए 512 का घनमूल ज्ञात कीजिए

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**61.** Which of the following is a heterogeneous mixture ?

(1) Air filled in a balloon

(2) Brass

(3) Stainless steel

(4) Iodised table salt

**62.** A magnet is rolled in a mixture of iron filings and sulphur powder. It is observed that

(1) iron filings get attracted to the N-pole and sulphur to the S-pole of the magnet

(2) iron filings get attracted to the S-pole and sulphur to the N-pole of the magnet

(3) only the iron filings get attracted equally to both poles of the magnet

(4) iron filings get attracted to both poles and sulphur clings in the middle of the magnet

**63.** If you are asked to project the image of a well-lit painting on the wall, which one of the following optical devices would you select for this purpose ?

(1) Plane mirror

(2) Convex mirror

(3) Concave lens

(4) Convex lens

**64.** In the following table, the readings of an odometer at different times of a journey are given :

| Time (AM) | Odometer reading (km) |
|---|---|
| 8·00 | 6640 |
| 8·30 | 6658 |
| 9·00 | 6676 |
| 9·30 | 6694 |
| 10·00 | 6712 |

The speed of the vehicle in metres per second is

(1) 10

(2) 18

(3) 20

(4) 36

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा विषमांगी मिश्रण है ?

(1) गुब्बारे में भरी वायु

(2) ब्रास (पीतल)

(3) स्टेनलेस स्टील

(4) आयोडीनयुक्त नमक

**62.** किसी चुम्बक को लोह रेतन तथा सल्फर पाउडर के मिश्रण में फिराया गया । प्रेक्षण करने पर यह पाया गया कि

(1) लोह रेतन चुम्बक के उत्तर-ध्रुव तथा सल्फर दक्षिण-ध्रुव की ओर आकर्षित होते हैं

(2) लोह रेतन चुम्बक के दक्षिण-ध्रुव तथा सल्फर उत्तर-ध्रुव की ओर आकर्षित होते हैं

(3) केवल लोह रेतन ही समान रूप से चुम्बक के दोनों ध्रुवों की ओर आकर्षित होती है

(4) लोह रेतन दोनों ध्रुवों से आकर्षित होती है तथा सल्फर चुम्बक के बीच में चिपक जाती है

**63.** यदि आपसे किसी भली-भांति प्रकाशित पेंटिंग के प्रतिबिम्ब को दीवार पर प्रक्षेपित करने के लिए कहा जाए, तो आप इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित प्रकाशीय युक्तियों में से किसे चुनेंगे ?

(1) समतल दर्पण

(2) उत्तल दर्पण

(3) अवतल लेंस

(4) उत्तल लेंस

**64.** नीचे सारणी में किसी यात्रा के विभिन्न समयों पर ओडोमीटर के पाठ्यांक दिए गए हैं :

| समय (AM) | ओडोमीटर का पाठ्यांक (km) |
|---|---|
| 8·00 | 6640 |
| 8·30 | 6658 |
| 9·00 | 6676 |
| 9·30 | 6694 |
| 10·00 | 6712 |

वाहन की मीटर प्रति सेकण्ड में चाल है

(1) 10

(2) 18

(3) 20

(4) 36

65. An object of mass 5 kg is sliding on a smooth frictionless horizontal surface with a constant velocity of 10 metres per second. The force required to keep the object moving with the same velocity is

(1) 0 newton
(2) 50 newtons
(3) 250 newtons
(4) 500 newtons

66. Select the correct sequence of parts in the human alimentary canal.

(1) Mouth → oesophagus → stomach → small intestine → large intestine
(2) Mouth → stomach → oesophagus → small intestine → large intestine
(3) Mouth → oesophagus → stomach → large intestine → small intestine
(4) Mouth → stomach → oesophagus → large intestine → small intestine

67. After physical exercise we sometimes get muscle cramps. This results due to

(1) non-conversion of glucose to lactic acid
(2) conversion of pyruvate to lactic acid
(3) conversion of pyruvate to alcohol
(4) non-conversion of glucose to pyruvate

68. Select from the following a set having correct combination of organs that do not carry out any digestive function.

(1) Oesophagus, Buccal cavity, rectum
(2) Oesophagus, large intestine, rectum
(3) Oesophagus, Buccal cavity, large intestine
(4) Small intestine, large intestine, rectum

69. The part of alimentary canal which receives bile juice from the liver and stores it in gall bladder is

(1) Stomach
(2) Oesophagus
(3) Small intestine
(4) Pancreas

65. 5 kg द्रव्यमान का कोई पिण्ड किसी चिकने घर्षणरहित क्षैतिज पृष्ठ पर 10 मीटर प्रति सेकण्ड के नियत वेग से फिसल रहा है । इस पिण्ड को इसी वेग से गति करने के लिए आवश्यक बल है

(1) 0 न्यूटन
(2) 50 न्यूटन
(3) 250 न्यूटन
(4) 500 न्यूटन

66. मानव की आहार नाल के विभिन्न भागों के सही क्रम का चयन कीजिए ।

(1) मुख → ग्रसिका → आमाशय → क्षुद्रांत्र → बृहदांत्र
(2) मुख → आमाशय → ग्रसिका → क्षुद्रांत्र → बृहदांत्र
(3) मुख → ग्रसिका → आमाशय → बृहदांत्र → क्षुद्रांत्र
(4) मुख → आमाशय → ग्रसिका → बृहदांत्र → क्षुद्रांत्र

67. व्यायाम के पश्चात् कभी-कभी हमारी पेशियों में क्रैंप आते (खिंचाव उत्पन्न हो जाते) हैं । इसका कारण है

(1) ग्लूकोस का लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित नहीं होना
(2) पाइरुवेट का लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित होना
(3) पाइरुवेट का ऐल्कोहॉल में परिवर्तित होना
(4) ग्लूकोस का पाइरुवेट में परिवर्तित नहीं होना

68. निम्नलिखित में से पाचन तंत्र के भागों के उस सही समुच्चय को चुनिए जो कोई पाचन कार्य नहीं करते ।

(1) ग्रसिका, मुख गुहिका, मलाशय
(2) ग्रसिका, बृहदांत्र, मलाशय
(3) ग्रसिका, मुख गुहिका, बृहदांत्र
(4) क्षुद्रांत्र, बृहदांत्र, मलाशय

69. आहार नाल का वह कौन-सा भाग है जो यकृत से पित्त रस ग्रहण करके इसे पित्ताशय में संग्रहित करता है ?

(1) आमाशय
(2) ग्रसिका
(3) क्षुद्रांत्र
(4) अग्न्याशय

70. The correct sequence of the complex processes involved in the digestion of food is

(1) Ingestion → absorption → digestion → assimilation → egestion

(2) Ingestion → digestion → absorption → assimilation → egestion

(3) Ingestion → digestion → assimilation → absorption → egestion

(4) Ingestion → assimilation → absorption → digestion → egestion

71. Study the following statements about villi :

A. They are finger-like projections.

B. They have very thin walls.

C. They have small pores through which food can pass easily.

D. They have a network of thin and small blood vessels close to the surface.

The statements which enable the villi to absorb digested food are

(1) A, B and C

(2) B, C and D

(3) C, D and A

(4) D, A and B

72. Which of the following statements are true about photosynthesis ?

A. In this process solar energy is converted into chemical energy.

B. In photosynthesis $CO_2$ and $H_2O$ are used.

C. In photosynthesis $CO_2$ is released and $O_2$ is consumed.

D. In photosynthesis $O_2$ is released and carbon monoxide is consumed.

(1) A and B

(2) B and C

(3) C and D

(4) A and D

70. भोजन के पाचन में शामिल जटिल प्रक्रियाओं का सही क्रम है

(1) अंतर्ग्रहण → अवशोषण → पाचन → स्वांगीकरण → निष्कासन

(2) अंतर्ग्रहण → पाचन → अवशोषण → स्वांगीकरण → निष्कासन

(3) अंतर्ग्रहण → पाचन → स्वांगीकरण → अवशोषण → निष्कासन

(4) अंतर्ग्रहण → स्वांगीकरण → अवशोषण → पाचन → निष्कासन

71. दीर्घरोम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए :

A. ये अंगुली के समान उभरी हुई संरचनाएँ होती हैं ।

B. इनकी भित्तियाँ अत्यधिक पतली होती हैं ।

C. इनमें महीन छिद्र होते हैं जिनसे भोजन आसानी से गुज़र सकता है ।

D. इनमें सूक्ष्म रुधिर वाहिकाओं का जाल फैला रहता है जो इनके पृष्ठ के समीप होता है ।

दीर्घरोम को पाचित भोजन को अवशोषित करने के योग्य बनाने वाले कथन हैं

(1) A, B व C

(2) B, C व D

(3) C, D व A

(4) D, A व B

72. निम्नलिखित में से कौन-से कथन प्रकाश-संश्लेषण के संदर्भ में सत्य हैं ?

A. इस प्रक्रिया में सौर ऊर्जा रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित होती है ।

B. प्रकाश-संश्लेषण में $CO_2$ तथा $H_2O$ का उपयोग किया जाता है ।

C. प्रकाश-संश्लेषण में $CO_2$ मुक्त होती है तथा $O_2$ उपभुक्त होती है ।

D. प्रकाश-संश्लेषण में $O_2$ मुक्त होती है तथा कार्बन मोनोक्साइड उपभुक्त होती है ।

(1) A व B

(2) B व C

(3) C व D

(4) A व D

**73.** Before playing a sitar, a sitarist always adjusts the tension of the string of the sitar and tries to pluck it suitably. By doing so the sitarist adjusts the

(1) loudness of sound produced by sitar string

(2) amplitude of vibration

(3) intensity of sound

(4) pitch of the string of sitar

**74.** Porters who carry heavy luggage always have a long piece of cloth with them. Before carrying the load on their heads they fold the cloth in the shape of a round disc and place it on their heads. By doing this they

(1) increase the area of contact of the load of luggage with their head

(2) decrease the force exerted by the load of luggage on the head

(3) decrease the thrust of the luggage

(4) save their heads from possible injury

**75.** For the conservation of forests, a successful strategy is essential. This strategy should involve

(1) comprehensive programme for the protection of all the physical and biological components of forests

(2) protection of herbivores

(3) protection of consumers

(4) protection of animals at highest trophic level, i.e., top carnivores, as they depend directly on herbivores

**73.** सितार बजाने से पूर्व कोई सितार वादक सदैव ही सितार की डोरी के तनाव को समायोजित करता है और उसे उचित प्रकार से झंकृत करने का प्रयास करता है । ऐसा करके सितार वादक समायोजित करता है

(1) सितार की डोरी द्वारा उत्पन्न ध्वनि की प्रबलता

(2) कंपन का आयाम

(3) ध्वनि की तीव्रता

(4) सितार की डोरी का तारत्व

**74.** भारी बोझा उठाने वाले कुली सदैव ही अपने पास एक लम्बा कपड़े का टुकड़ा रखते हैं । अपने सिर पर बोझ को रखने से पहले वे इस कपड़े को गोल चकती की आकृति में लपेट कर अपने सिर पर रखकर फिर उस पर बोझ रखते हैं । ऐसा करके वे

(1) अपने सिर से बोझ के सम्पर्क-क्षेत्र को बढ़ा लेते हैं

(2) अपने सिर पर बोझ द्वारा लगाए बल को घटा लेते हैं

(3) बोझ का प्रणोद घटा लेते हैं

(4) संभावित चोट से अपने सिर का बचाव कर लेते हैं

**75.** वनों के संरक्षण के लिए एक सफल कार्यनीति आवश्यक है । इस कार्यनीति में शामिल होना चाहिए

(1) वनों के सभी भौतिक एवं जैविक संघटकों के संरक्षण के लिए व्यापक कार्यक्रम

(2) शाकाहारियों का बचाव

(3) उपभोक्ताओं का बचाव

(4) उच्चतम पोषी स्तर के जंतुओं, अर्थात् शीर्ष के मांसाहारियों, का बचाव, क्योंकि वे शाकाहारियों पर सीधे निर्भर होते हैं

**76.** Some dinosaurs had feathers although they could not fly, but birds have feathers that help them to fly. In the context of evolution this means that

(1) reptiles have evolved from the birds
(2) birds have evolved from reptiles
(3) there is no evolutionary connection between reptiles and birds
(4) feathers are homologous structures in both the organisms

**77.** Geothermal energy is an alternative source of energy. For this energy, the most feasible regions are those that

(1) are near the coastal regions
(2) have coal mines
(3) have thermal power plants
(4) are over hot spots in the crust

**78.** Select from the following a set of three metals which are found in free state.

(1) Aluminium, copper, silver
(2) Gold, iron, silver
(3) Copper, gold, iron
(4) Silver, gold, platinum

**79.** Select from the following the reaction(s) that is/are possible :

A. $Al_2(SO_4)_3\,(aq) + Cu\,(s) \longrightarrow$

B. $FeSO_4\,(aq) + Zn\,(s) \longrightarrow$

C. $CuSO_4\,(aq) + Fe\,(s) \longrightarrow$

D. $Al_2(SO_4)_3\,(aq) + Zn\,(s) \longrightarrow$

(1) A and B
(2) A
(3) A and D
(4) B and C

**76.** कुछ डायनासौरों के पर थे, यद्यपि वे उड़ नहीं पाते थे, परन्तु पक्षियों के पर होते हैं जो उड़ने में उनकी सहायता करते हैं । विकास के सन्दर्भ में इसका अर्थ यह है कि

(1) सरीसृपों का विकास पक्षियों से हुआ है
(2) पक्षियों का विकास सरीसृपों से हुआ है
(3) सरीसृपों एवं पक्षियों के बीच कोई विकासीय सम्बन्ध नहीं है
(4) दोनों ही जीवों में पर समजात अंग हैं

**77.** भूतापीय-ऊर्जा एक वैकल्पिक ऊर्जा-स्रोत है । इस ऊर्जा के लिए सर्वाधिक संभाव्य क्षेत्र वे हैं

(1) जो तटीय क्षेत्रों के निकट हैं
(2) जहाँ कोयले की खानें हैं
(3) जहाँ तापीय विद्युत् संयंत्र हैं
(4) जो भूपर्पटी में तप्त स्थलों के ऊपर हैं

**78.** निम्नलिखित में से तीन धातुओं के ऐसे समूह को चुनिए जो मुक्त अवस्था में पाई जाती हैं ।

(1) ऐलुमिनियम, कॉपर, सिल्वर (चाँदी)
(2) गोल्ड (सोना), आयरन, सिल्वर
(3) कॉपर, गोल्ड, आयरन
(4) सिल्वर, गोल्ड, प्लैटिनम

**79.** निम्नलिखित अभिक्रियाओं में से उसे/उन्हें चुनिए जो संभव है/हैं :

A. $Al_2(SO_4)_3\,(aq) + Cu\,(s) \longrightarrow$

B. $FeSO_4\,(aq) + Zn\,(s) \longrightarrow$

C. $CuSO_4\,(aq) + Fe\,(s) \longrightarrow$

D. $Al_2(SO_4)_3\,(aq) + Zn\,(s) \longrightarrow$

(1) A व B
(2) A
(3) A व D
(4) B व C

80. The crop nutrients available in fertilizers are

(1) nitrogen, potassium and iron

(2) nitrogen, phosphorus and potassium

(3) nitrogen, phosphorus and iron

(4) nitrogen, sodium and potassium

80. उर्वरकों में उपलब्ध फसलों के लिए पोषक हैं

(1) नाइट्रोजन, पोटैशियम और आयरन

(2) नाइट्रोजन, फ़ॉस्फ़ोरस और पोटैशियम

(3) नाइट्रोजन, फ़ॉस्फ़ोरस और आयरन

(4) नाइट्रोजन, सोडियम और पोटैशियम

81. Out of the following, in which lesson is a general rule explained first and after that examples are illustrated ?

(1) Deductive lesson

(2) Inductive lesson

(3) Cognitive lesson

(4) Skill lesson

81. निम्नलिखित में से किस पाठ में पहले सामान्य नियम स्पष्ट किए जाते हैं और उसके बाद उदाहरण दिए जाते हैं ?

(1) निगमनात्मक पाठ

(2) आगमनात्मक पाठ

(3) संज्ञानात्मक पाठ

(4) कौशल पाठ

82. Which one of the following is most appropriate about curriculum planning in Science ?

(1) It is done to map the scientific topics studied in each term

(2) It is done to combine the scientific study with work in other subject areas

(3) It gives details of each unit of work for each term

(4) It is done to plan the specific learning objectives of each lesson to build upon prior learning

82. विज्ञान में पाठ्यचर्या-योजना के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(1) प्रत्येक सत्र में किए जाने वाले वैज्ञानिक प्रकरणों को निर्धारित करने के लिए की जाती है

(2) वैज्ञानिक अध्ययन को दूसरे विषय-क्षेत्रों के कार्य के साथ जोड़ने के लिए की जाती है

(3) यह प्रत्येक सत्र के लिए प्रत्येक कार्य इकाई का विवरण देती है

(4) पूर्व अधिगम पर निर्मित करने के लिए प्रत्येक पाठ के विशिष्ट अधिगम उद्देश्यों की योजना बनाने के लिए की जाती है

83. A tightly structured lesson of Physics if taught with little flexibility is least conducive to the learning of the student who

(1) is hyperactive

(2) is culturally disadvantaged

(3) has an IQ of 85

(4) has an IQ of 125

83. भौतिकी के कड़े रूप से संरचित पाठ को यदि थोड़े लचीलेपन के साथ पढ़ाया जाता है तो यह उस विद्यार्थी के सीखने के लिए सबसे कम उपयुक्त होगा

(1) जो अतिक्रियाशील है

(2) जो सांस्कृतिक रूप से वंचित है

(3) जिसकी बुद्धि-लब्धि 85 है

(4) जिसकी बुद्धि-लब्धि 125 है

84. Lesson planning in Life Sciences should be guided primarily by the consideration of

(1) meeting the needs of the average child in the class
(2) satisfying parents
(3) the curriculum goals and learning outcomes
(4) providing pupils with work

85. When upper-grade children do research work, the major problem the teacher has to contend with is

(1) finding appropriate materials
(2) scheduling time in school library on internet
(3) gaining the co-operation of the public library
(4) discouraging children from copying verbatim from books and encyclopedias and guiding them effectively

86. The project method of teaching is best associated with the philosophy of

(1) Max Rafferty
(2) John Dewey
(3) Robert Hutchins
(4) B.F. Skinner

87. A teacher is conducting a demonstration to motivate students, but the demonstration does not result in the expected outcome. The teacher is best advised to

(1) withhold the demonstration and do it again
(2) tell the class that the demonstration failed and ask them to help/determine the reason
(3) find out and explain the cause of failure of the demonstration by involving students
(4) send a note to the Science co-ordinator, asking him/her to come to the room

84. जैव विज्ञानों में पाठ-योजना ________ को ध्यान में रखते हुए मुख्य रूप से निर्देशित होनी चाहिए ।

(1) कक्षा के औसत बच्चे की आवश्यकताओं को पूरा करने
(2) अभिभावकों को संतुष्ट करने
(3) पाठ्यचर्या के लक्ष्यों और अधिगम परिणामों
(4) बच्चों को कार्य उपलब्ध कराने

85. जब उच्चतर कक्षा के बच्चे शोध कार्य करते हैं, तो शिक्षक को जिस मुख्य समस्या से जूझना पड़ता है, वह है

(1) उपयुक्त सामग्री खोजना
(2) इंटरनेट पर विद्यालयी पुस्तकालय में समय का सूचीकरण करना
(3) पब्लिक पुस्तकालय का सहयोग प्राप्त करना
(4) बच्चों को नकल करके विश्वकोशों और पुस्तकों से शब्दश: उतारने से रोकना एवं प्रभावी तरीके से उनका मार्गदर्शन करना

86. शिक्षण की प्रोजेक्ट पद्धति ________ के दर्शन के साथ सर्वश्रेष्ठ रूप से सम्बन्धित है ।

(1) मैक्स रैफर्टी
(2) जॉन ड्यूवी
(3) रॉबर्ट हचिंस
(4) बी.एफ. स्किनर

87. विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करने के लिए शिक्षक निदर्शन का आयोजन करता है लेकिन निदर्शन का अपेक्षित परिणाम नहीं आ पाता । शिक्षक के लिए सर्वश्रेष्ठ सलाह है

(1) निदर्शन को रोकना और उसे दुबारा करना
(2) कक्षा को बताना कि निदर्शन असफल हो गया और उनसे कारण निर्धारित करने / सहायता करने के लिए कहना
(3) विद्यार्थियों के साथ मिल कर निदर्शन की असफलता का कारण पता लगाना व उसे समझाना
(4) विज्ञान समन्वयक के पास एक नोट भेजना जिसमें उन्हें कक्ष में आने के लिए कहा गया है

**88.** Which of the following techniques is ***not*** recommended for the Science teachers to use in response to the complexity of learning ?

(1) While introducing a complex concept, ask only open-ended questions to stimulate thinking of students

(2) Take a pre-test to find out previous knowledge of students

(3) Use manipulative materials for explaining the subtle processes

(4) Plan the level of instruction slightly above the level of individual students but well within the level of the class

**88.** अधिगम की जटिलता की प्रतिक्रिया के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सी विधि के उपयोग की सलाह विज्ञान शिक्षकों को ***नहीं*** दी जानी चाहिए ?

(1) जटिल संकल्पनाओं को आरम्भ करते समय, विद्यार्थियों के चिंतन को प्रोत्साहित करने के लिए केवल मुक्त उत्तर वाले प्रश्नों का पूछना

(2) विद्यार्थियों के पूर्ववर्ती ज्ञान का पता लगाने हेतु पूर्व-परीक्षण लेना

(3) गूढ़ प्रक्रियाओं को समझाने हेतु हस्त-प्रचालित सामग्री का उपयोग

(4) शिक्षण स्तर को अलग-अलग विद्यार्थियों के स्तर से थोड़ा अधिक परन्तु कक्षा के स्तर की सीमा के भीतर रखना

**89.** In a mixed ability class with students in different stages of cognitive development, which one of the following strategies will be most suitable ?

(1) Using hands-on activities involving concrete objects for simplification of abstract concepts

(2) Regrouping the class into four groups as per the four stages of cognitive development proposed by Piaget

(3) Planning individual instruction for gifted students

(4) Taking an average of the IQ scores of students and planning teaching accordingly

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सी विधि एक मिश्रित योग्यता वाली कक्षा, जिसमें विद्यार्थी संज्ञानात्मक विकास के विभिन्न चरणों में हैं, के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होगी ?

(1) मूर्त वस्तुओं को शामिल करके हाथ से की जाने वाली गतिविधियों द्वारा अमूर्त संकल्पनाओं का सरलीकरण

(2) पियाजे द्वारा बताए गए संज्ञानात्मक विकास के चार चरणों के अनुसार कक्षा का चार समूहों में पुन: वर्गीकरण

(3) प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए व्यष्टि-अनुदेश (अलग से शिक्षण) की योजना

(4) विद्यार्थियों के बुद्धि-लब्धांकों का औसत निकालकर उसके अनुसार शिक्षण की योजना

**90.** Of the following activities in a Science class, the one with least educational value is

(1) Constructing a model

(2) Reading about a simple experiment

(3) Discussing a scientific principle

(4) Drawing a design

**90.** विज्ञान की कक्षा में निम्नलिखित गतिविधियों में से किसका सबसे कम शैक्षिक मूल्य है ?

(1) मॉडल का निर्माण करना

(2) सरल प्रयोग के बारे में पढ़ना

(3) वैज्ञानिक सिद्धान्त की चर्चा करना

(4) डिज़ाइन बनाना

| Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/Social Science). | परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं । |
|---|---|

## PART III / भाग III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**31.** Bodies that do not have their own heat and light, but are lit by the light of the stars are known as

(1) Stars
(2) Constellations
(3) Planets
(4) Celestial bodies

**31.** पिण्ड जिनमें अपनी ऊष्मा व प्रकाश नहीं हो, लेकिन वे तारों की रोशनी से चमकते हैं, उन्हें कहा जाता है

(1) तारे
(2) तारामंडल
(3) ग्रह
(4) खगोलीय पिण्ड

**32.** The place, people, things and nature that surround any living organism are called

(1) Lithosphere
(2) Surrounding
(3) Environment
(4) Biotic resources

**32.** स्थान, लोग, वस्तुएँ व प्रकृति जो किसी भी जीव को घेरे रहते हैं, कहलाते हैं

(1) स्थलमंडल
(2) परिवेश
(3) पर्यावरण
(4) जैविक संसाधन

**33.** When one particular image is fixed with an individual or group, it is known as

(1) Discriminated
(2) Stereotyped
(3) Mistreated
(4) Statue

**33.** जब किसी व्यक्ति या समूह को किसी प्रतिरूप (इमेज) के साथ जोड़ दिया जाता है, उसे कहा जाता है

(1) भेदभाव
(2) रूढ़िबद्ध
(3) प्रताड़ित
(4) मूर्ति

**34.** Who led the Anti-British movement in Kittoor ?

(1) Ahilyabai Holkar
(2) Rani Laxmibai
(3) Rani Channamma
(4) Nana Phadnis

**34.** कित्तूर के ब्रिटिश-विरोधी आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया ?

(1) अहिल्याबाई होल्कर
(2) रानी लक्ष्मीबाई
(3) रानी चन्नम्मा
(4) नाना फादनिस

35. The Mughal Architecture is a blending of

(1) Arab and Indian styles

(2) Persian and Indian styles

(3) Turkish and Afghan styles

(4) Turkish and Persian styles

36. Resources which are found in a region, but have not been utilised are known as

(1) Potential resources

(2) Actual resources

(3) Waste resources

(4) Valuable resources

37. The Standard Meridian of India is

(1) 82° 30′ E longitude

(2) 82° 50′ E longitude

(3) 82° E longitude

(4) 83° 30′ E longitude

38. When rock fragments get compressed and hardened to form layers of rocks they are known as

(1) Igneous rocks

(2) Metamorphic rocks

(3) Sedimentary rocks

(4) Primary rocks

39. When State does not interfere in religious affairs it is called

(1) arbitrary

(2) secularism

(3) sovereignty

(4) polity

35. मुग़ल वास्तुशिल्प मिश्रण है

(1) अरब व भारतीय शैलियों का

(2) फारसी व भारतीय शैलियों का

(3) तुर्की व अफगान शैलियों का

(4) तुर्की व फारसी शैलियों का

36. संसाधन जो किसी क्षेत्र में पाए जाते हैं, परन्तु जिनका अभी उपयोग नहीं किया गया, उन्हें कहा जाता है

(1) संभावित संसाधन

(2) वास्तविक संसाधन

(3) बेकार संसाधन

(4) मूल्यवान संसाधन

37. भारत की मानक देशान्तर है

(1) 82° 30′ पूर्व देशान्तर

(2) 82° 50′ पूर्व देशान्तर

(3) 82° पूर्व देशान्तर

(4) 83° 30′ पूर्व देशान्तर

38. जब कोई शिला खण्ड दबाव व कठोरता के कारण परतदार शैल में बदल जाते हैं, उन्हें कहते हैं

(1) आग्नेय शैल

(2) कायान्तरित शैल

(3) अवसादी शैल

(4) प्रारम्भिक शैल

39. जब राज्य धार्मिक क्रियाओं में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करता उसे कहा जाता है

(1) स्वेच्छाचारी

(2) धर्मनिरपेक्षता

(3) प्रभुसत्ता

(4) राजतंत्र

40. Which one of the following is true about classical dances ?

(1) They are always superior to folk dances

(2) There are eight recognised classical forms of dances

(3) Kathakali is the classical form of Kathak

(4) Kathak was recognised as a classical dance form only after Independence

40. शास्त्रीय नृत्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(1) यह लोक नृत्यों से सदा श्रेष्ठ होते हैं

(2) शास्त्रीय नृत्यों के आठ मान्य रूप हैं

(3) कथकली, कथक शैली का शास्त्रीय रूप है

(4) कथक शैली को शास्त्रीय नृत्य के रूप में मान्यता केवल स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् मिली है

41. In the Indian freedom struggle. 'Dandi March' marked the beginning of

(1) Quit India Movement

(2) Civil Disobedience Movement

(3) Swadeshi Movement

(4) Home Rule Movement

41. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में 'दाण्डी यात्रा' को किसकी शुरुआत माना जाता है ?

(1) भारत छोड़ो आन्दोलन

(2) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(3) स्वदेशी आन्दोलन

(4) होम रूल आन्दोलन

42. Which one of the following is an erosional land feature ?

(1) Loess

(2) Delta

(3) Moraines

(4) Mushroom rocks

42. निम्न में से कौन-सा अपरदन स्थल रूप है ?

(1) लोएस

(2) डेल्टा

(3) हिमोढ

(4) छत्रक शिला

43. Which of the following is a conventional source of energy ?

(1) Fossil fuel

(2) Wind

(3) Solar energy

(4) Tidal energy

43. निम्न में से कौन-सा परम्परागत ऊर्जा स्रोत है ?

(1) जीवाश्म ईंधन

(2) पवन

(3) सौर-ऊर्जा

(4) ज्वारीय ऊर्जा

44. In India, the Governor of the State is appointed by the

(1) President of India

(2) Parliament

(3) Prime Minister

(4) Chief Justice of Supreme Court

44. भारत में, राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है ?

(1) भारत के राष्ट्रपति

(2) संसद

(3) प्रधान मंत्री

(4) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**45.** Who among the following Mughal rulers led the idea of 'Universal Peace' ?

(1) Akbar

(2) Shahjahan

(3) Humayun

(4) Jahangir

**45.** 'विश्व शांति' का विचार किस मुग़ल शासक ने आगे बढ़ाया ?

(1) अकबर

(2) शाहजहाँ

(3) हुमायूँ

(4) जहाँगीर

**46.** Who among the following was the founder of 'Khalsa' ?

(1) Guru Nanak Dev

(2) Guru Angad Dev

(3) Guru Govind Singh

(4) Guru Teg Bahadur

**46.** 'खालसा' की स्थापना करने वाले निम्न में से कौन थे ?

(1) गुरु नानक देव

(2) गुरु अंगद देव

(3) गुरु गोविन्द सिंह

(4) गुरु तेग बहादुर

**47.** Out of the following, which is the most ideal layer of the atmosphere for flying aeroplanes ?

(1) Troposphere

(2) Ionosphere

(3) Stratosphere

(4) Exosphere

**47.** निम्न में से वायुमंडल की कौन-सी परत वायुयान उड़ान के लिए आदर्श है ?

(1) क्षोभमंडल

(2) आयनमंडल

(3) समतापमंडल

(4) बाह्यमंडल

**48.** Article-21 of the Indian Constitution entitles

(1) Right to Freedom of Religion

(2) Right to Equality

(3) Right to Life

(4) Right to Constitutional Remedies

**48.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 का सम्बन्ध है

(1) धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार से

(2) समानता के अधिकार से

(3) जीवन के अधिकार से

(4) सांविधानिक उपचार के अधिकार से

49. The highest law making body in India is the

(1) Parliament

(2) Prime Minister and his Council

(3) President

(4) Judiciary

50. Which of the following forests do not have a distinct period of shedding leaves, and therefore do not ever look bare ?

(1) Tropical deciduous

(2) Tropical evergreen

(3) Temperate evergreen

(4) Temperate deciduous

51. A type of farming in which higher doses of modern inputs are used to obtain higher productivity is known as

(1) Commercial Farming

(2) Extensive Agriculture

(3) Shifting Agriculture

(4) Subsistence Farming

52. When a number of industries locate close to each other and share the benefits of their closeness, it is referred to as

(1) Industrial system

(2) Industrial region

(3) Market economy

(4) Assembly line production

49. भारत की सर्वोच्च 'कानून निर्माण' संस्था है ?

(1) संसद

(2) प्रधान मंत्री व उसका मंत्रिपरिषद

(3) राष्ट्रपति

(4) न्यायपालिका

50. निम्न में से कौन-से वनों की पत्तियों के गिरने का निश्चित समय नहीं होता, इसलिए वे कभी अनावृत नहीं दिखते हैं ?

(1) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती

(2) उष्णकटिबंधीय सदाबहार

(3) शीतोष्ण सदाबहार

(4) शीतोष्ण पर्णपाती

51. कृषि की एक पद्धति जिसमें व्यापक स्तर पर आधुनिक आगतों का उपयोग अधिक उत्पादकता प्राप्त करने के लिए किया जाता है, कहलाती है

(1) वाणिज्यिक खेती

(2) गहन कृषि

(3) स्थानांतरी कृषि

(4) निर्वाह कृषि

52. जब बहुत-सी औद्योगिक इकाइयाँ एक-दूसरे के नज़दीक स्थित होती हैं और अपनी नज़दीकी का लाभ उठाती हैं, यह कहलाता है

(1) औद्योगिक तंत्र

(2) औद्योगिक क्षेत्र

(3) बाज़ार अर्थव्यवस्था

(4) असेम्बली लाइन (समनुक्रम) उत्पादन

53. A particular area from which all the voters living there choose their representative is called a

(1) Territory

(2) Constituency

(3) State

(4) Region

53. एक निश्चित क्षेत्र जहाँ रहने वाले सभी मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनते हैं, कहलाता है

(1) सीमा

(2) निर्वाचन क्षेत्र

(3) राज्य

(4) क्षेत्र

54. East coast of North America and the sea around Japan have rich fishing grounds because of

(1) a cold current flowing along the coast

(2) indented coastal area

(3) a warm current along the coast

(4) meeting of warm and cold currents

54. उत्तरी अमेरिका का पूर्वी तट व जापान के आसपास समुद्र मत्स्य प्रचुर हैं क्योंकि

(1) तट के साथ एक ठण्डी धारा बहती है

(2) दन्तुरित तटीय क्षेत्र हैं

(3) तट के साथ गर्म धारा बहती है

(4) गर्म व ठण्डी धाराओं का मिलन है

55. More than 80 percent of the population of the world lives in

(1) Asia and Africa

(2) Asia and South America

(3) North America and Asia

(4) Asia and Europe

55. विश्व की 80 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निवास करती है

(1) एशिया व अफ्रीका में

(2) एशिया व दक्षिण अमेरिका में

(3) उत्तरी अमेरिका व एशिया में

(4) एशिया व यूरोप में

56. When the subjugation of one country by another leads to political, economic, social and cultural changes we refer to this process as

(1) Confederacy

(2) Mercantile

(3) Colonisation

(4) Renaissance

56. जब एक देश पर दूसरे देश के दबदबे से राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव आते हैं, तो इस प्रक्रिया को हम कहते हैं

(1) महासंघ

(2) व्यापारिक

(3) औपनिवेशीकरण

(4) पुनर्जागरण

57. Which of the following literary heritage of India means 'approaching and sitting near'?

(1) Upanishads

(2) Vedas

(3) Aranyakas

(4) Puranas

58. The system of tax became most prominent in the period of

(1) Harappan Civilization

(2) Vedic Age

(3) Mahajanapadas

(4) Guptas

59. In India, the Munda Tribe lived in the region of

(1) Chhotanagpur

(2) Bastar

(3) Durg

(4) Kullu

60. The movement of the Earth around the Sun is known as

(1) Rotation

(2) Revolution

(3) Orbital plane

(4) Circle of illumination

57. निम्न में से किस भारतीय साहित्यिक धरोहर का अर्थ है – '(गुरु के) पास जा कर समीप बैठना'?

(1) उपनिषद

(2) वेद

(3) आरण्यक

(4) पुराण

58. किस काल में कर प्रथा का विशिष्ट महत्त्व था ?

(1) हड़प्पा सभ्यता

(2) वैदिक काल

(3) महाजनपद

(4) गुप्त

59. भारत में, मुण्डा जनजाति किस क्षेत्र में निवास करती है ?

(1) छोटा नागपुर

(2) बस्तर

(3) दुर्ग

(4) कुल्लू

60. पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारों ओर घूमने को कहा जाता है

(1) घूर्णन

(2) परिक्रमण

(3) कक्षीय समतल

(4) प्रदीप्ति वृत्त

**61.** Read some points about the Atlantic Ocean :

A. It is 'S' shaped.

B. Its coastline is smooth and straight.

C. It is the busiest ocean from commercial viewpoint.

Which of the above statements are true ?

(1) Only A and B
(2) Only B and C
(3) Only A and C
(4) A, B and C all

**62.** The tomb of a Sufi saint is known as

(1) Idgah
(2) Khanqah
(3) Ibadatgah
(4) Dargah

**63.** Which one of the following is a 'Palaeolithic site' ?

(1) Inamgaon
(2) Hallur
(3) Bhimbetka
(4) Burzahom

**64.** The famous conquest of Kalinga by the Mauryan ruler Ashoka was fought in present day

(1) Karnataka
(2) Odisha
(3) Kerala
(4) Andhra Pradesh

**65.** A universal language of the map can be understood by way of

(1) Conventional symbols
(2) Sketch
(3) Alphabets
(4) Thematic maps

**61.** अटलांटिक महासागर के विषय में निम्नलिखित तथ्य पढ़ें :

A. यह अंग्रेज़ी के 'S' अक्षर के आकार का है ।

B. इसकी तट-रेखा सरल रेखीय व निर्बाध है ।

C. व्यापारिक दृष्टि से यह सबसे व्यस्त महासागर है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सत्य हैं ?

(1) केवल A तथा B
(2) केवल B तथा C
(3) केवल A तथा C
(4) A, B तथा C सभी

**62.** सूफी संतों के मक़बरे को कहा जाता है

(1) ईदगाह
(2) खानगाह
(3) इबादतगाह
(4) दरगाह

**63.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'पुरापाषाण स्थल' है ?

(1) इनामगाँव
(2) हल्लर
(3) भीमबेटका
(4) बुर्ज़होम

**64.** मौर्य शासक अशोक द्वारा लड़ी गई लड़ाई का स्थल कलिंग वर्तमान में कहाँ है ?

(1) कर्नाटक
(2) ओड़िशा
(3) केरल
(4) आन्ध्र प्रदेश

**65.** मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को समझा जा सकता है

(1) रूढ़ि चिह्नों द्वारा
(2) रेखाचित्रों द्वारा
(3) वर्णमाला अक्षरों द्वारा
(4) विषय-सम्बन्धी मानचित्रों द्वारा

**66.** Which of the following complements diversity ?

(1) Speaking in own mother tongue

(2) Celebrating own festivals

(3) Visiting native village

(4) Travelling in a train

**67.** A narrow strip of land, which connects two land masses is known as

(1) Isthmus

(2) Gulf

(3) Island

(4) Strait

**68.** The year 2012 can also be written as

(1) BC 2012

(2) EC 2012

(3) AD 2012

(4) AP 2012

**69.** Most suitable statement about Biosphere is

(1) Man's immediate surroundings

(2) Plant and Animal kingdom

(3) Land, water, air, plants and animals

(4) Various domains of environment

**70.** Where, among the following, is the mid-day Sun exactly overhead at least once a year on all latitudes ?

(1) Between Tropic of Cancer and Equator only

(2) Between Tropic of Capricorn and Equator only

(3) Between Tropic of Cancer and Tropic of Capricorn

(4) Between Arctic Circle and Antarctic Circle

**66.** निम्न में से कौन-सा विविधता को बढ़ावा देता है ?

(1) अपनी मातृ-भाषा में बोलना

(2) अपने त्योहारों को मनाना

(3) अपने गाँव जाना

(4) रेलगाड़ी में यात्रा करना

**67.** भूमि की एक सँकरी पट्टी जो दो बड़े भूखण्डों को जोड़ती है, उसे जाना जाता है

(1) भूसंधि

(2) खाड़ी

(3) द्वीप

(4) जलसंधि

**68.** सन् 2012 निम्नलिखित में से किस प्रकार से भी लिखा जा सकता है ?

(1) बी.सी. 2012

(2) ई.सी. 2012

(3) ए.डी. 2012

(4) ए.पी. 2012

**69.** जैवमण्डल के विषय में सबसे उपयुक्त कथन है

(1) मनुष्य का तात्कालिक परिवेश

(2) पौधे और पशु जगत

(3) भूमि, जल, वायु, पौधे और पशु

(4) पर्यावरण के विभिन्न परिमण्डल

**70.** निम्नलिखित में से कहाँ, सभी अक्षांशों पर दोपहर का सूर्य वर्ष में कम-से-कम एक बार सीधा ऊपर से चमकता है ?

(1) केवल कर्क रेखा और विषुवत वृत्त के मध्य

(2) केवल मकर रेखा और विषुवत वृत्त के मध्य

(3) कर्क रेखा और मकर रेखा के मध्य

(4) आर्कटिक वृत्त और अन्टार्कटिक वृत्त के मध्य

71. Which one of the following is the most suitable teaching aid to show proportionate size and shape of continents ?

(1) Physical map of the World

(2) Poster of the Earth

(3) Globe

(4) Political map of the World

72. Which of the following is the most important feature of a book on Social Sciences at the national level ?

(1) It should not include lengthy texts as it is difficult for children to remember lengthy texts

(2) It should provide information in a crisp and systematic way to facilitate memorisation

(3) It should be such so as to enable all social groups to relate to it

(4) It should not follow any particular school of thought specially in writing history

73. Parents of a first generation learner express their inability to help their child in dealing with his/her educational problems during a PTA. As a teacher you should

(1) ask them to join centres established for adult education

(2) ask them to carefully monitor the time their child devotes to his studies at home

(3) comfort them by telling that their knowledge about their child is of utmost importance in helping to deal with their child

(4) ask them to provide an environment rich in different types of learning materials at home

71. निम्न में से कौन-सी शिक्षण सहायक सामग्री महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र व आकार को दर्शाने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है ?

(1) विश्व का भौतिक मानचित्र

(2) पृथ्वी का पोस्टर

(3) ग्लोब

(4) विश्व का राजनैतिक मानचित्र

72. राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक विज्ञानों की पुस्तक की निम्नलिखित में से कौन-सी सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता है ?

(1) इसमें अधिक लंबी पाठ्य-सामग्री शामिल नहीं होनी चाहिए क्योंकि लंबी पाठ्य-सामग्री को याद करने में बच्चों को कठिनाई होती है

(2) उसे स्पष्ट और व्यवस्थित रूप में सूचना उपलब्ध करानी चाहिए ताकि याद करने में मदद मिल सके

(3) इसे ऐसा होना चाहिए ताकि सभी सामाजिक समूह इसके साथ संबंधित हो सकें

(4) इसे विशेषतः इतिहास लिखने में, किसी विचारधारा विशेष का अनुगमन नहीं करना चाहिए

73. प्रथम पीढ़ी के अधिगमकर्ता के अभिभावक, शिक्षक अभिभावक संघ (PTA) में अपने बच्चों की शैक्षिक समस्याओं से निपटने में अपनी अयोग्यता को अभिव्यक्त करते हैं । एक शिक्षक के रूप में आप

(1) उन्हें प्रौढ़ शिक्षा के लिए स्थापित केंद्रों में जाने के लिए कहेंगे

(2) उन्हें अपने बच्चे द्वारा घर पर पढ़ाई पर दिए जाने वाले समय को ध्यानपूर्वक देखने के लिए कहेंगे

(3) उन्हें यह बताते हुए तसल्ली देंगे कि अपने बच्चे के बारे में उनका ज्ञान उन बच्चों से व्यवहार करने में सहायता करने के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है

(4) उन्हें घर पर विभिन्न प्रकार की अधिगम सामग्री से समृद्ध वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कहेंगे

74. The collection of weather information by using weather instruments is an example of collecting

(1) Primary data

(2) Secondary data

(3) Tertiary data

(4) Generic data

75. A Social Science teacher often takes an objective type formative assessment but she has a doubt about the reliability of the test developed by her. What should be done to increase the reliability of these assessments ?

(1) Use standardised test

(2) Use questions given in the booklet of exemplars published by NCERT

(3) Try to find out what other teachers do

(4) Increase the number of questions

76. Continuous and Comprehensive Evaluation mainly focuses on

(1) continuous testing to improve the child

(2) continuous observation of the behaviour of the child

(3) education of Head, Heart and Hand

(4) promoting weaker ineligible students to higher grade

77. Social Science should equip children with

(1) the ability to follow social rules about gender

(2) the ability to withstand social pressure

(3) the ability to think independently

(4) the ability to defend social practices

74. मौसमी उपकरणों के द्वारा मौसम सम्बन्धी सूचनाएँ एकत्र करना उदाहरण है

(1) प्राथमिक आँकड़ों का

(2) द्वितीयक आँकड़ों का

(3) तृतीयक आँकड़ों का

(4) विधागत आँकड़ों का

75. सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अकसर वस्तुनिष्ठ प्रकार वाला रूपात्मक आकलन करती है लेकिन उसे उसके द्वारा विकसित परीक्षण की विश्वसनीयता पर शंका है । इस प्रकार के आकलन की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए ?

(1) मानकीकृत परीक्षण का प्रयोग

(2) एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित उदाहरणरूपी पुस्तिकाओं में दिए गए प्रश्नों का प्रयोग करना

(3) यह पता लगाना कि अन्य शिक्षक क्या करते हैं

(4) प्रश्नों की संख्या बढ़ाना

76. सतत और व्यापक मूल्यांकन मुख्य रूप से __________ पर बल देता है ।

(1) बच्चे के सुधार के लिए लगातार परीक्षण करने

(2) बच्चे के व्यवहार का सतत अवलोकन करने

(3) मस्तिष्क, हृदय और हाथ की शिक्षा पर

(4) कमज़ोर अयोग्य विद्यार्थियों को उच्च स्तर (अगली कक्षा) पर प्रोन्नत करने

77. सामाजिक विज्ञान को बच्चों को __________ के साथ लैस करना चाहिए ।

(1) जेंडर के बारे में सामाजिक नियमों का पालन करने की योग्यता

(2) सामाजिक दबावों को झेलने की योग्यता

(3) स्वतंत्र रूप से चिंतन करने की योग्यता

(4) सामाजिक व्यवहारों का बचाव करने की योग्यता

**78.** The median score of a class of 51 students is 36 in a summative assessment in Social Sciences. It suggests that

(1) the majority of students scored below 36

(2) 25 students scored marks equal to or above 36

(3) the majority of students scored in the range of 36 – 46

(4) 36 percent of the content is learned by them

**79.** Which one of the following should be the most noticeable for a Social Sciences teacher about a discussion held recently ?

(1) Students started questioning their co-students directly

(2) Students interrupted their co-students frequently

(3) No student seemed to be agreeing fully with other students

(4) Students refused to listen to their co-students completely

**80.** Which of the following is an advantage of a spiral curriculum in Social Sciences ?

(1) Retention of the concepts for a longer period of time and with deeper understanding

(2) Ability to apply the concepts across disciplines

(3) Increased opportunities to develop theme based learning

(4) Make the concepts more purposeful and relevant

**81.** While assessing the attitudes and values, a Social Science teacher may assign weightage to which of the following descriptors ?

(1) Passively accepting ideas of others

(2) Feels free to ask questions

(3) Does not share credit with other children

(4) Does not wish the teacher everyday

**78.** सामाजिक विज्ञानों में योगात्मक आकलन में 51 विद्यार्थियों की कक्षा का मध्यांक 36 है । यह सुझाव देता है कि

(1) अधिकांश विद्यार्थियों के अंक 36 से नीचे हैं

(2) 25 विद्यार्थियों के अंक 36 के बराबर या ऊपर हैं

(3) अधिकांश विद्यार्थियों ने 36 – 46 के बीच अंक प्राप्त किए हैं

(4) उनके द्वारा 36 प्रतिशत विषय-वस्तु सीखी गई

**79.** सामाजिक विज्ञानों के किसी शिक्षक के लिए कक्षा में हाल ही में हुई चर्चा के बारे में कौन-सा तथ्य सर्वाधिक ध्यान देने योग्य है ?

(1) विद्यार्थी सीधे ही अपने सह-विद्यार्थियों से प्रश्न करने लगे थे

(2) विद्यार्थियों ने अपने सह-विद्यार्थियों को बीच ही में टोकना शुरू कर दिया था

(3) कोई भी विद्यार्थी दूसरे विद्यार्थियों से पूर्णरूपेण सहमत नहीं था

(4) विद्यार्थियों ने सह-विद्यार्थियों की बात सुनने से बिल्कुल मना कर दिया था

**80.** सामाजिक विज्ञानों में सर्पिल पाठ्यचर्या का निम्नलिखित में से कौन-सा लाभ है ?

(1) गहन समझ के साथ और एक लंबी समयावधि के लिए संकल्पनाओं का संधारण

(2) सभी विषयों में संकल्पनाओं का अनुप्रयोग करना

(3) अंतर्वस्तु (theme) आधारित सीखने को विकसित करने वाले अवसरों को बढ़ाना

(4) संकल्पनाओं को अधिक उद्देश्यपूर्ण और प्रासंगिक बनाना

**81.** अभिवृत्ति और मूल्यों का आकलन करते समय सामाजिक विज्ञान के शिक्षक निम्नलिखित में से किस विवरण संकेत को अधिभार दे सकते हैं ?

(1) दूसरों के विचारों को निष्क्रिय रूप से स्वीकार करना

(2) प्रश्न पूछने के लिए स्वतंत्र महसूस करना

(3) दूसरे बच्चों के साथ श्रेय की साझेदारी न करना

(4) रोज़ाना शिक्षक का अभिवादन न करना

82. Which one of the following is ***not*** recommended by CBSE for Formative Assessment ?

(1) Source-based analysis

(2) Models and charts

(3) Too frequent testing

(4) Using authentic sources of primary texts

82. निम्न में से कौन-सा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 'फोर्मेटिव मूल्यांकन' के लिए सुझाव ***नहीं*** है ?

(1) स्रोत-आधारित विश्लेषण

(2) मॉडल व चार्ट

(3) अधिक आवृत्ति से परीक्षण करना

(4) प्राथमिक पाठ्य-सामग्री के लिए प्रामाणिक स्रोतों का उपयोग

83. Which one is right in reference to Social Science at elementary level ?

(1) History – Geography – Political Science – Economics

(2) History – Geography – Political Science – Sociology

(3) History – Geography – Civics – Sociology

(4) History – Geography – Economics – Sociology

83. निम्न में से कौन-सा प्रारम्भिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में सही है ?

(1) इतिहास – भूगोल – राजनीति विज्ञान – अर्थशास्त्र

(2) इतिहास – भूगोल – राजनीति विज्ञान – समाजशास्त्र

(3) इतिहास – भूगोल – नागरिक शास्त्र – समाजशास्त्र

(4) इतिहास – भूगोल – अर्थशास्त्र – समाजशास्त्र

84. If a teacher wants to teach 'evolution of life' he/she must visit

(1) Natural history museum

(2) Archaeological museum

(3) Zoological park

(4) Animal sanctuary

84. 'जीवन की उत्पत्ति (विकास)' के शिक्षण हेतु अध्यापक को अवश्य भ्रमण करना चाहिए

(1) प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय

(2) पुरातात्त्विक संग्रहालय

(3) चिड़ियाघर

(4) जीव संरक्षण उद्यान (पशु अभयारण्य)

85. The following factors form a basis for teaching Social Science *except*

(1) to promote analytical skills

(2) to promote social skills for adjusting in global world

(3) to transmit information on texts

(4) to develop critical understanding of society

85. __________ के अलावा निम्नलिखित कारक सामाजिक विज्ञान शिक्षण के आधार का निर्माण करते हैं ।

(1) विश्लेषणात्मक कौशलों को बढ़ावा देने

(2) वैश्विक दुनिया में समायोजन के लिए सामाजिक कौशलों को बढ़ावा देने

(3) पाठ्य-सामग्री पर सूचनाओं को स्थानांतरित करने

(4) समाज की आलोचनात्मक समझ विकसित करने

**86.** While teaching democratic polity, a Social Sciences teacher invites an expert of Political Science from a local college to speak to her class. Before the expert could speak to her class, the teacher must share with him which of the following ?

(1) Text-book prescribed for the class

(2) Kind of assessments that will be based on this topic

(3) There are some students belonging to reserved categories in the class

(4) Instructional objectives for the topic

**87.** A class includes some tribal children and as a result there is an environment of cultural diversity in that class. Which of the following would be the most suitable method for the teacher to use this effectively ?

(1) Asking students to tell about their tribes and relate the information to topics being taught

(2) Highlighting the role of freedom fighters such as Birsa Munda during the freedom movement

(3) Asking students to carry out action research on topics related to their culture and valued by them the most

(4) Displaying tribal artifacts and costumes

**86.** लोकतांत्रिक राजतंत्र पढ़ाते समय सामाजिक विज्ञानों की शिक्षिका अपनी कक्षा से बातचीत करने के लिए स्थानीय कॉलेज से राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ को आमंत्रित करती है । इससे पहले कि विशेषज्ञ उसकी कक्षा से बातचीत करे, शिक्षिका को निम्नलिखित में से किसकी साझेदारी उनके साथ करनी चाहिए ?

(1) कक्षा के लिए प्रस्तावित पाठ्य-पुस्तक

(2) इस प्रकरण पर आधारित आकलनों का प्रकार

(3) कक्षा में कुछ विद्यार्थी ऐसे हैं जो आरक्षित श्रेणियों से सम्बन्धित हैं

(4) इस प्रकरण के लिए अनुदेशनात्मक उद्देश्य

**87.** एक कक्षा में कुछ आदिम जनजाति के बच्चे भी शामिल हैं तथा इसके कारण उस कक्षा में सांस्कृतिक विविधता का माहौल है । शिक्षक द्वारा इसका प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका सबसे उपयुक्त होगा ?

(1) आदिम जनजाति के विद्यार्थियों से कहना कि वे अपनी जनजाति के बारे में बताएँ और पढ़ाए जाने वाले प्रकरणों के साथ उसे जोड़ना

(2) स्वतंत्रता आंदोलन में बिरसा मुंडा जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका को उजागर करना

(3) विद्यार्थियों से अपनी संस्कृति और उनके द्वारा सबसे अधिक मूल्यवान अथवा सम्मानित बिन्दुओं से जुड़े प्रकरणों पर क्रियात्मक शोध करने के लिए कहना

(4) आदिम जनजातीय शिल्पकृतियों और पोशाकों को प्रदर्शित करना

88. Normative dimension of Social Sciences includes which of the following dimensions ?

(1) Relevancy

(2) Equality

(3) Utility

(4) Cogency

89. Which one of the following is a characteristic of reciprocal learning ?

(1) Responsibility for learning is shared between the students and the teacher

(2) Learning proceeds by addressing the causes of forgetting

(3) Teacher reciprocates by actively leading the teaching-learning process

(4) Teacher is completing her education while working in a school

90. Best way to teach the topic 'Functions of Parliament' is through

(1) Lecture method

(2) Story telling

(3) Conducting debates for arriving at consensus over issues

(4) Project work

88. समाज विज्ञानों के नियामक/मानदंड संबंधी आयाम निम्नलिखित आयामों में से किसे शामिल करते हैं ?

(1) प्रासंगिकता

(2) समानता

(3) उपयोगिता

(4) अकाट्यता

89. निम्नलिखित में से कौन-सी अन्योन्य (पारस्परिक) अधिगम की विशेषता है ?

(1) सीखने का उत्तरदायित्व विद्यार्थियों और शिक्षक - दोनों के द्वारा साझा किया जाता है

(2) भूलने के कारणों को संबोधित करते हुए सीखना अग्रसरित होता है

(3) शिक्षक सक्रिय रूप से शिक्षण-अधिगम-प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए परस्पर आदान-प्रदान करता है

(4) शिक्षिका विद्यालय में कार्य करते हुए अपनी शिक्षा को पूरा करती है

90. निम्नलिखित में से कौन-सा 'संसद के कार्य' प्रकरण को पढ़ाने का सर्वोत्कृष्ट तरीका है ?

(1) व्याख्यान पद्धति

(2) कहानी पद्धति

(3) मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए वाद-विवाद का आयोजन करना

(4) परियोजना कार्य

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – I.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **अंग्रेज़ी** चुना हो ।

# PART IV
# LANGUAGE I
# ENGLISH

***Directions :** Read the given passage and answer the questions that follow (Q. No. 91 to 99) by selecting the **most appropriate** option.*

Clearly the socialization of gender is reinforced at school. "Because classrooms are microcosms of society, mirroring its strengths and ills alike, it follows that the normal socialization patterns of young children that often lead to distorted perceptions of gender roles are reflected in the classrooms." (Marshall, 1997). Yet gender bias in education reaches beyond socialization patterns, bias is embedded in textbooks, lessons, and teacher interactions with students. This type of gender bias is part of the hidden curriculum of lessons taught implicitly to students through the everyday functioning of their classroom.

Research has found that boys were far more likely to receive praise or remediation from a teacher than were girls. The girls were most likely to receive an acknowledgement response from their teacher. They give boys greater opportunity to expand ideas and be animated than they do girls and that they reinforce boys more for general responses than they do for girls. Clearly the socialization of gender roles and the use of a gender-biased hidden curriculum lead to an inequitable education for boys and girls. Gender bias in education is an insidious problem that causes very few people to stand up and take notice.

**91.** Socialization is a process of

(1) causing to conform to environmental demands

(2) succumbing to psychological pressures

(3) molding a child to conform to certain norms of behaviour

(4) learning to accept moral values of a society

**92.** A 'microcosm of society'

(1) has educational facilities

(2) has excellent learning environment

(3) reflects the exceptional achievements of its government

(4) imitates life outside the classroom learning environment

**93.** A 'perception' referred to here is that

(1) school curriculum supports the girl child

(2) boys are more intelligent and lively

(3) teachers balance the bias

(4) there is no bias in schools

**94.** A word from the essay which is the opposite of 'demonstrated' is

(1) animated

(2) clearly

(3) implicit

(4) distorted

**95.** 'Remediation' in the classroom is the process of

(1) error correction orally during class

(2) reinforcement of good behaviour among learners

(3) giving special coaching for quiet students

(4) stopping a negative trend in learning achievement

**96.** In 'inequitable education'

(1) boys get more school hours

(2) course books are prescribed differently for boys and girls

(3) teachers disrespect girls

(4) learning is not a balanced process between the genders

**97.** An 'insidious problem' would be one that is caused seemingly

(1) deliberately

(2) harmlessly

(3) carelessly

(4) ignorantly

**98.** A 'hidden curriculum' implies here that

(1) boys need preferential treatment

(2) the school system enforces sexual stereotypes

(3) the curriculum is gender-biased

(4) girls need more attention while teaching

**99.** A synonym for 'general' is

(1) customary

(2) diminutive

(3) precise

(4) special

***Directions :*** *Read the given poem and answer the questions that follow (Q. No. 100 to 105) by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

Hope is the thing with feathers
That perches in the soul,
And sings the tune — without the words,
And never stops at all,

And sweetest in the gale is heard;
And sore must be the storm
That could abash the little bird
That kept so many warm,

I've heard it in the chillest land,
And on the strangest sea;
Yet, never, in extremity,
It asked a crumb of me.

*Emily Dickinson*

**100.** In the line 'Hope is the thing with feathers' the poet is using a/an

(1) imagery

(2) simile

(3) allegory

(4) hyperbole

**101.** The observation 'perches in the soul' refers to human

(1) worries

(2) disappointment

(3) expectation

(4) spirituality

**102.** 'And sweetest in the gale is heard' means

(1) winds blow loudly during a gale

(2) sorrow is the greatest during a storm

(3) expectation of relief even in sorrow

(4) joy and happiness go hand in hand

**103.** 'Abash' means a sense of

(1) embarrassment

(2) hope

(3) loss

(4) pride

**104.** 'Never, in extremity,' refers to

(1) extreme happiness

(2) longing excessively

(3) hope costs nothing

(4) unexpected

**105.** 'A crumb' is a metaphor for

(1) hope

(2) sadness

(3) reward

(4) food

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**106.** According to the observation in the NCF 2005 [3.1.3], English is a _______ language in India.

(1) First

(2) Global

(3) Second

(4) Foreign

**107.** "You ask, what has my government done for you ? I can answer in two words : A lot !"

The question put here is

(1) a prompt

(2) explanatory

(3) rhetorical

(4) stylised

**108.** Your classmate has just finished reading a book from the library that you wanted and you want him/her to give it to you. Choose how you will make the request.

(1) Give me the book.

(2) Can you give me the book now ?

(3) Let me have the book now, please.

(4) Could you let me take the book now ?

**109.** Read this exchange.

*Teacher : Shall we go out to the garden and find out the names of those flowers near the wall ?*

*Students : Yes, yes, yeah...*

*Teacher : Yes, Ma'am, please.*

Here the teacher

(1) confirms the students' request

(2) offers an alternative language activity

(3) relates language function with politeness

(4) makes a polite suggestion to start reading

**110.** Which is a lexical word ?

(1) some

(2) whether

(3) principal

(4) if

**111.** Use of dialogues and avoiding unnecessary details pertain to

(1) reports

